Seventeenth Loksabha

an>

Title: The Speaker made an announcement welcoming H.E. Mr. Wolfgang Sobotka, President of the National Council of Austrial and H.E. Ms.Christine Schwarz-Fuchs, President of the Federal Council of Austria and other Members of the Parliamentary Delegation from Austria who were on a visit to India as honoured guests.

माननीय अध्यक्ष : मुझे बेहद प्रसन्नता है कि हमारे आमंत्रण पर ऑस्ट्रिया की राष्ट्रीय परिषद के प्रेसिडेंट महामहिम मिस्टर वुल्फ गैंग सोबोत्का और ऑस्ट्रिया की संघीय परिषद की प्रेसिडेंट महामहिम मिस क्रिस्टीन श्वार्ज़फुक्स के साथ ऑस्ट्रिया का एक संसदीय शिष्टमंडल भारत दौरे पर आया हुआ है ।

मैं सदन के माननीय सदस्यों की ओर से तथा अपनी ओर से भारत पधारे ऑस्ट्रिया के संसदीय प्रतिनिधिमंडल का हार्दिक अभिनन्दन करता हूँ, स्वागत करता हूँ । इस समय वे सदन के स्पेशल बॉक्स में विराजमान हैं । …(व्यवधान)

ऑस्ट्रिया का संसदीय शिष्टमंडल रविवार, 13 मार्च, 2022 को भारत पहुंचा । उसी दिन उन्होंने आगरा का भ्रमण किया । गुरुवार, 17 मार्च, 2022 को भारत से प्रस्थान करने से पहले वे हैदराबाद की भी यात्रा करेंगे । हम अपने देश में उनके सुखद और सफल प्रवास की कामना करते हैं ।

हम उनके माध्यम से ऑस्ट्रिया की राष्ट्रीय परिषद, संघीय परिषद, सरकार और ऑस्ट्रिया की मैत्रीपूर्ण जनता को अपनी ओर से तथा सभा की ओर से बधाई एवं शुभकामनाएं देते हैं ।